# RAJYA SABHA

*Friday, the 8th April, 1960/the 19th Chaitra, 1882 (Saka)*

The House met at eleven of the clock, MR. CHAIRMAN in the Chair.

## MEMBER SWORN

Prof. A. R. Wadia (Nominated).

---

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### AUDIT REPORT (1960) OF THE DEFENCE SERVICES AND RELATED PAPERS

THE MINISTER OF REVENUE AND CIVIL EXPENDITURE (DR. B. GOPALA REDDI): Sir, I beg to lay on the Table, under clause (1) of article 151 of the Constitution a copy of the Audit Report, Defence Services, 1960 (including Report on the Appropriation Accounts of the Defence Services and the Commercial Appendix thereto for the year 1958-59). [Placed in Library. *See* No. LT-2073/60.]

### STATEMENT ON THE INDO-PAKISTAN FINANCIAL TALKS HELD AT RAWALPINDI IN MARCH, 1960

DR. B. GOPALA REDDI: Sir, I also beg to lay on the Table a statement on the Indo-Pakistan Financial Talks held at Rawalpindi in March, 1960. [Placed in Library. *See* No. LT-2078/60.]

---

## RESOLUTION *RE* NATIONAL LOTTERIES FOR RAISING FINANCE FOR SOCIAL SERVICE SCHEMES

SHRI DAYALDAS KURRE (Madhya Pradesh): Sir, I beg to move the following Resolution:

> "This House is of opinion that Government should organise National Lotteries to raise money for implementing the health and other social service schemes envisaged in the Plan."



इस रिजोल्यूशन के पीछे एक बड़ा मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त है । यह कहना चाहिये कि यह रिजोल्यूशन बाल मनोविज्ञान और प्रौढ मनोविज्ञान दोनों के ऊपर आधारित है । इसलिये मेरा नम्र निवेदन है कि बाल मनोविज्ञान में बच्चों के पीछे कौन सी प्रवृत्ति ऐसी है और उस प्रवृत्ति के आधार पर वह अपने जीवन में कौन कौन में काम करना चाहता है । उसमें सबसे बड़ी बात यह है कि वह किस चीज़ को देखता है और देखने के बाद उसमें कौन कौन सी अच्छाइयां हैं—इस बात की जान्कारी हासिल करना चाहता है । बच्चा उस चीज का अनुकरण करता है और उस चीज़ की जानकारी हासिल करके वह आगे अपने जीवन में अमल में लाता है और उसे सीखने का प्रयास करता है ।

दूसरी बात यह है कि उसमें किसी बात को जानने की बड़ी उत्सुकता होती है । वह देखता है कि उसके आसपास के वातावरण में कौन कौन सी ऐसी चीजे हैं जो कि उस के जानने लायक हैं और उनकी ओर वह अग्रसर होता है । हम देखते हैं कि मां-बाप अपने बच्चों को खिलौना देते हैं तो वह उससे खेलता है, कभी उसको तोड़ता है और कभी उसकी चीजों के बारे में जानने की कोशिश करता है । हम तो बच्चे को केवल खिलौना समझकर दे देते हैं ताकि वह उससे खेले; लेकिन वह यह जानना चाहता है कि इसमें ऐसी कौन कौन सी चीजें हैं, किस तरह से यह खिलौना बना है और इस तरह से वह भविष्य में उस चीज़ को बनाने का प्रयास करता है । यह बाल-मनोविज्ञान का एक सिद्धान्त है । उसी के आधार पर हम प्रौढ़-मनोविज्ञान को देखते हैं । हम यह भी देखते हैं कि यह प्रवृत्ति जो उसके बचपन

[श्री दयाल दास कुर्रे]

में आ जाती है उसके जीवन का एक आधार बन जाती है और आगे चल कर प्रौढ़पन में भी वह आ जाती है। इस तरह से बच्चे के मन में नई चीजों को सीखने की धारणा बन जाती है। मैं आप से यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह प्रवृत्ति होती तो वही है जो बच्चे के मन में बचपन में पैदा हो गई थी, लेकिन बड़े होने पर उसका रूप बदल जाता है। यूं कहिये गरीब आदमी यह सोचता है कि मैं धनी बनूं, कम पैसे वाला यह सोचता है कि मैं पैसे वाला बनूं। इसके साथ ही साथ उसके मन में यह भी रहता है कि मैं पैसे वाला बनूं तो कैसे बनूं? वह आदमी इस बात का प्रयास करता है कि मैं किस प्रकार से धनी बनूं। वह आदमी अपने मन में सोचता है कि क्या मैं हमेशा गरीब बना रहूंगा? इस चीज की जानकारी हासिल करने के लिये वह ज्योतिषी के पास जाता है। किसी ने उसे बता दिया कि तुम्हारे ललाट मे यह लिखा हुआ है, तुम्हारे हाथ की लकीरें यह बतलाती हैं, इसलिये ज्योतिषी को अपना हाथ दिखलाओ। इन सब बातों का उसके मन में असर होता है और वह इस चीज़ का भी प्रयास करता है। आज हम देखते हैं कि बहुत से पंडित बाजार में भाग्य की दुकानें खोल हुए हैं। जैसा कि मैंने बतलाया कि मनुष्य के मन में इस तरह की प्रवृत्ति काम करती है और वह बाजार में जा कर ज्योतिषी को अपनी हस्तरेखा दिखलाता है।

दूसरी धारणा मनुष्य के मन में यह रहती है कि अगर वह सब प्रकार से धनी है, बड़ा आदमी है लेकिन निस्सन्तान है। संतान प्राप्त करने के लिये उसके मन में यह प्रवृत्ति पैदा होती है कि वह ज्योतिषी के पास जाये और उसे अपनी हस्तरेखा दिखलाये। इसके साथ ही साथ हम यह भी देखते हैं कि जब विद्यार्थियों की परीक्षा नजदीक आ जाती है तो उनमें एक तरह की प्रवृत्ति पैदा हो जाती है कि हम इस वर्ष किस तरह से परीक्षा में पास होंगे। बहुत से विद्यार्थी जो बी० ए० और एम० ए० की परीक्षा देते हैं अपने मन में एक अंक किताब का बना लेते हैं और इस भावना से यह चीज़ करते हैं कि अगर वह अंक खोलने पर आ जायेगा तो वे आने वाली परीक्षा में उत्तीर्ण हो जायेंगे। अगर किसी विद्यार्थी ने अपनी किताब का ९० अंक अपने मन में रखा है और वह उसको खोलते ही निकल आता है तो वह समझ जाता है कि मैं परीक्षा में पास हो जाऊंगा। यह एक मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त है जिसके पीछे आदमी की मनोवृत्ति काम करती है। यह एक व्यावहारिक चीज़ है और उसी के आधार पर आदमी चलता है।

जैसा कि हमारा प्रवृत्ति के साथ विशेष सम्बन्ध है और हम देखते हैं कि हमारे अधिकांश कार्य भारतीय सभ्यता में समाविष्ट हो गये हैं। हम कभी कभी अपने कार्य भाग्य के ऊपर भी छोड़ देते हैं। गीता में जैसा कहा गया है और जैसा कि बहुत मे विद्वान जानते हैं कि हमारा अधिकार केवल कर्म के ऊपर है, उसके फल के ऊपर नहीं है। इसमे दो सिद्धान्त हैं। हम काम करते रहें और फल की आशा न करके काम करते चले जायें।

दूसरी चीज यह भी है कि हम अपने भाग्य के ऊपर भी भरोसा करते हैं। मनुष्य काम करते करते थक जाता है लेकिन उसको वह चीज प्राप्त नहीं होती जिसके लिये वह कार्य करता है। इस तरह मे वह अन्त में इस चीज को अपने भाग्य के ऊपर छोड़ देता है। तो जैसा कि मैंने अभी बतलाया कि समाज में इस तरह की मनोवृत्ति काम कर रही है और उसमें ज्योतिषी और हस्तरेखा का भी एक स्थान है। इन सब चीजों के आधार पर मनुष्य अपना काम करता चला जा रहा

है। जो मनुष्य भाग्य की आजमाइश करता है और उसके ऊपर पैसा खर्च करता है तो हमें यह देखना चाहिये कि उस पैसे का फायदा समाज में कौन व्यक्ति किस रूप में उठा रहा है। हमारा यह कर्तव्य होना चाहिये कि किस तरह से उस पैसे का उपयोग समाज के भलाई के कार्यों में लगा सकते है। तो उसे हम किस तरह से अपने समाज में व्यवस्थित ढंग से रखें और उसका उपयोग करें और यह प्रवृत्ति जो मनुष्य में है उसका किस रूप में हम फायदा उठायें—इस विषय से मेरा विशेष सम्बन्ध है। आज इसका फायदा व्यक्ति विशेष उठाता है—जैसा कि मैंने विद्यार्थियों का उदाहरण दिया। और लोग, जो भाग्य की आजमाइश करते है, उसका फायदा ज्योतिषी उठाते है। इसके अतिरिक्त दैनिक पत्रों में भी हम पढते है कि बहुत से क्रॉसवर्ड्स आते हैं। खाली स्थान भरो—यह भी आता है, और उनके ऊपर कुछ इनाम की बातें रहती हैं कि अमुक बातें करेक्ट होंगी तो पांच हजार या दस हजार का इनाम मिलेगा। यह भी भाग्य की आजमाइश है। उसमें थोडी सी रकम कुछ शर्तों के साथ रख दी जाती है। एक पत्र में मैंने देखा था जिसमें केवल चार आने की शर्त रखी गई थी। विशेषकर जो साप्ताहिक पत्र आते हैं जैसे "धर्मयुग" उसमें मुझे देखने में आया कि बहुत बड़ी रकम इनाम के रूप में रखी जाती है, यह जो इतनी बड़ी रकम पारितोषिक के रूप में रखी जाती है हो सकता है कि उसमें उनको अधिक फायदा होता हो और अधिक फायदा होने पर भी वे कम रकम देते हों। इस प्रकार इससे व्यक्ति विशेष फायदा उठाता है या एक खास आदमी को फायदा होता है जो इस काम को करता है। इसी तरह से, जैसा कि मैंने बताया, बहुत सी चीजें ऐसी हैं जिनके ऊपर लाटरी रखी जाती है, जिनके ऊपर इनाम रखे जाते हैं, ताकि उनका उपयोग इस तरह से समाज में हो कि समाज से एक बहुत बडी रकम निकल आये। तो हम यह देखते है कि इस तरह से अव्यवस्थित ढग से समाज में यह चीज हमारे सामने आई है। यदि इसे हम व्यवस्थित रूप में रखें और यह जो रकम हमारी इधर उधर बिखरती है और खास आदमियों के पास जो एक रकम चली जाती है, उसे यदि हम ठीक तरह से काम में लायें और उसका उपयोग देश के हित को सामने रख कर करे, तो यह हमारे हित में बहुत ही अच्छी चीज होगी।

आप देखिये कि स्वतंत्रता मिलने के बाद से हमने अपने देश को सुधारने का बीड़ा उठाया। इससे हमारी सरकार के सामने धन की एक बहुत बड़ी समस्या आई। ये जो हमारे ग्रामीण क्षेत्र है जिनमें हमारे देश के ८५ प्रतिशत लोग रहते हैं, उनकी तरक्की का भार विशेषकर के कम्युनिटी डेवलपमेंट मिनिस्ट्री पर आया। इस मिनिस्ट्री ने इस बड़े बोझ को उठाने का बीड़ा उठाया। इसके अन्तर्गत हम देखते हैं कि आज बड़े बड़े काम लिये जा रहे है। बड़े शहर से लेकर सुदूर गावों की ओर जाइये, तो गावों में आपको कई काम देखने को मिलेंगे। वहां पर हम देखते हैं कि स्कूल बन रहे है। वहां पर हम देखते हैं कि छोटे-से औषधालय बन रहे है। वहां पर हम देखते है कि छोटी सड़कें—ऐप्रोच रोड्स—बन रही है। वहा पर हम देखते है कि नवयुवकों का संगठन हो रहा है, महिलाओं का संगठन हो रहा है। वहां पर हम देखते हैं कि ग्रामीण उद्योग-धंधे चालू किये जा रहे है। वहां पर हम देखते हैं कि पानी पीने की सुविधा के लिये कुएं तैयार किये जा रहे है, जानवरों और मनुष्यों के दैनिक इस्तेमाल के लिये तालाब बनाये जा रहे हैं। ये सारे बड़े अच्छे अच्छे काम आज गावों में हो रहे हैं और उनका बोझ हमारे कम्युनिटी डेवलपमेंट डिपार्टमेंट पर है। यह हम देखते हैं कि इसमें अधिकांश

[श्री दयाल दास कुर्रे]

पैसा सरकार का लगता है । ये जितने काम हैं, जिनका मैंने अभी नाम लिया जैसे स्कूल बनाना, ऐप्रोच रोड्स बनाना, इत्यादि, इनकी स्थापना के लिये जो कंडीशन है उसके अनुसार आधी रकम सरकार देती है और शेष आधी रकम की आशा हम उन गांव वालों से करते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और जिनको अपने पेट के ही लाले पड़े रहते है । इस कारण हम यह देखते हैं कि सरकार जो काम गांवों में करना चाहती है उनको वह वहां कर नहीं पा रही है क्योंकि जो कंडीशन्स हैं वही नहीं पूरी होती है । बी० डी० ओ० साहब वहा जाते हैं और हर तरह से प्रयत्न करते हैं, किन्तु कंडीशन्स पूरी नही होती है जिसकी वजह से काम आगे नही बढ़ता है । इस प्रकार पैसे के अभाव में अधिकाश काम अछूता रह जाता है । इसलिये मेरा यह निवेदन है कि सरकार ऐसा मार्ग अपनाये जिससे पब्लिक मनी हमारे पास आये और पब्लिक मनी इस रूप में हमारे पास आये कि देने वाले को कोई बोझ न पड़े । ऐसी एक चीज हमारे सामने आई है । पैसा इकट्ठा करने के लिये सरकार ने एक चीज निकाली है और वह है स्मॉल सेविंग्स सर्टिफिकेट । इससे जनता के पास जो जमा रकम है वह सरकार के पास आ रही है । कई लोग अपना धन जमीन में गाड़ देते हैं । जब उनको यह बात समझाई जाती है कि तुम्हारे पैसे का उपयोग देश के हित में होगा, साथ ही साथ तुमको कुछ रकम ब्याज के रूप में मिलेगी और जो यह होता है कि कभी कभी तुम्हारी रकम को चोर निकाल ले जाता है, कभी डाकू छीन ले जाते हैं, कभी कोई बात हो जाती है, उसका भी भय नही रहेगा, तो इन सब बातों को समझाने का उनके ऊपर बहुत कुछ प्रभाव पड़ रहा है । यद्यपि उतना प्रभाव नहीं पड़ रहा है जितना कि हम चाहते हैं । यह एक रास्ता तो है लेकिन साथ ही साथ जैसा कि मैंने शुरू में बताया कि मनुष्य में आज़माइश करने की एक बहुत बड़ी प्रवृत्ति होती है । इसलिये जितनी सुविधायें गावों में होने जा रही हैं, उनका ठीक तरह से अमलीकरण करने के लिये, उनका ठीक तरह से निर्माण करने के लिये हमें कोई ऐसा रास्ता अपनाना चाहिये जिससे जो पब्लिक मनी है, जो जनता के पास रकम है, वह उनसे निकल आये और उनको मालूम भी न हो । इसलिये उनके सामने एक आकर्षण का साधन रखना बहुत ही आवश्यक है । दैनिक पत्रों और साप्ताहिक पत्रो के सम्बन्ध में जैसा कि मैंने बताया, उसी प्रकार का हम कोई आकर्षण का साधन निकालें । इस सम्बन्ध में मैं आपसे निवदन करूं कि विकास खंडों में जो ग्राम सेवक काम करते हैं उनमें परस्पर स्पर्द्धा शक्ति लाने के लिये कहीं कहीं डिस्ट्रिक्ट अफसरों ने एक बड़ा अच्छा उपाय निकाला है । यह कह दिया जाता है कि जो ग्राम सेवक सबसे अच्छा काम करेगा उसको इनाम के रूप में एक साइकिल मिलेगी या सौ दो सौ की एक घड़ी मिलेगी अभी मुझे एक विकास खंड में जा कर के देखने का मौका मिला । मैं ने देखा कि वहां एक सुन्दर लाल नामक ग्राम सेवक को २५० रु० की एक अच्छी साइकिल मिल गई । वह बड़ा खुश था और आगे का उसका कार्य और भी अच्छा रहेगा । तो इस तरह से दूसरे विकास खंडों में जो ग्राम सेवक हैं, बी० डी० ओ० हैं—उनको भी अवसर है । यह चीज अभी हमारे अनजाने में हो रही है । मेरा अध्यक्ष महोदय, आपसे नम्र निवेदन है कि यदि हम इस चीज को देश के हित में सरकारी स्तर पर करें तो सम्भव है कि यह जो हमारी आर्थिक समस्या है, जिसका कि हमारे प्लान से, हमारी योजना से, विशेष सम्बन्ध है, वह बहुत कुछ हल हो जायेगी । इसके लिये केन्द्रीय स्तर पर, स्टेट के स्तर पर यदि हम यह रखें कि भाई एक मोटर या एक जीप एक ऐसे काम के लिये हम इनाम के तौर पर रखते

है और हर एक व्यक्ति को जोकि इसमें भाग लेना चाहते हैं उसको एक एक रुपया देना है तो काफी अच्छी रकम आ सकती है। मालूम नहीं कि किसको यह जीप चली जाये, यह मोटर चली जाये, यह कहा नहीं जा सकता है। इसके लिये एक सीमा निर्धारित कर दें और इसका एक ऐलान सरकार की तरफ से हो। सरकार की ओर से कोई भी काम किया जाता है तो मेरा यह विश्वास है कि सारी जनता का उस पर पूर्णतः विश्वास रहता है। वही काम यदि एक व्यक्ति करता है तो उसके ऊपर विश्वास कम रहता है कोई भी काम जो कि सरकार की ओर से किया जाता है उसकी एक साख रहती है। जैसे कि बैंक्स हमारे चल रहे हैं और इनके ऊपर लोगों का ज्यादा विश्वास है क्योंकि वे समझते हैं कि सरकार के द्वारा ही ये सब चलाये जा रहे हैं। जब लाइफ इंश्योरेंस कम्पनियों का नेशनेलाइजेशन नही हुआ था, कई लाइफ इंश्योरेंस कम्पनियां डूब गई, इसलिये लोगों का उनमें विश्वास नहीं था और वे पेमेंट नहीं करते थे। अब इसकी सक्सेस का कारण यह है कि इसको सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है। तो आप देखिये कि कोई भी काम जब सरकारी स्तर पर होता है तब उस पर जनता का विश्वास अधिक होता है। इसी आधार पर मेरा यह निवेदन है कि यदि यह काम भी सरकार अपने हाथ में ले और यह पारितोषिक देने की जो चीज है उसको लाटरी के रूप में समाज में रखें तो यह ज्यादा सफल कार्यक्रम हो सकता है और इसका उपयोग जो सरकारी योजनायें हैं, जो योजनायें चल रही हैं उनमे हो सकता है। कही कहीं पर हम देखते हैं कि ये हमारी जो योजनायें हैं वे बहुत कुछ असफल हो रही हैं पैसे के अभाव में और हमें विदेशों से भी बहुत रकम लेनी पड़ रही है। वे आंकड़े हमारे सामने हैं। तो मैं देखता हूं कि इस तरह से यह जो आज पब्लिक के पास रकम जमा है उसका हम ठीक तरह से उपयोग कर सकेंगे। सरकार इसे यदि अपने हाथ में लेती है तो जनता का इस ओर अधिक आकर्षण होता है और उनकी पाकेट से—उनकी गाठ से—जो रकम इसमें आती है उसके बारे मे देने वालों को यह आभास भी नहीं होने पायेगा कि हमने कितनी रकम दी है। वे तो यही समझेंगे कि एक आजमाइश थी और इसको हमने आजमाया दूसरी बात उसके दिमाग मे यह भी आती है कि हमने एक रुपया ही तो दिया है, यदि जीते तो पाच या १० हजार की जीप या कार हमारे पास होगी नहीं तो सिर्फ एक ही रुपया गया। तो आप देखिये कि यदि २० हजार रुपया एक छोटी सी लाटरी निकाल कर के आप इकट्ठा कर लें और उसमें से पांच हजार रुपये की एक जीप खरीद कर के लाटरी जीतने वाले को दे दें तो फिर इसमें क्या नुकसान है। बचे हुए पैसे को आप उस क्षेत्र में उपयोग में लायें जहां कि इसकी विशेष आवश्यकता है। इसके लिये आगे मेरा श्रीमन् से एक नम्र निवेदन यह भी है कि डिस्ट्रिक्टवाइज—जिले के आधार पर—लोगों की एक सलाहकार समिति बनाई जाये और सलाहकार समिति में यह निश्चय किया जाये कि इस प्रकार से लाटरी में, इस फंड में, जो रकम आयेगी उसका उपयोग किन किन कामों में किया जायेगा, अर्थात् कितने स्कूल बनाये जायें, जनपद सभा की तरफ से, डिस्ट्रिक्ट कौंसिल की तरफ से कितने अस्पताल खोले जाये, कितनी ऐप्रोच रोड्स बनाई जायें, कितने महिला-मंडल बनाये जायें, कितने नवयुवक-मंडल बनाये जायें या कितनी रकम स्काउट संस्था को दी जाये, और किन किन चीजों में किस तरह पैसे का उपयोग हो। हम देखते हैं कि यदि हमने लाटरी सिस्टम को अपने समाज में सरकारी स्तर पर ला कर के रखा तो यह समाज के हित के लिये, देश के हित के लिये बहुत ही अच्छी चीज रहेगी।

**श्री किशोरी राम** (बिहार) : बहुत बड़ा जुआ है।

**श्री दयाल दास कुर्रे** : मेरे सामने बैठे हुए मित्र कह रहे हैं कि बहुत बड़ा जुआ है, तो मैं उनसे यह नम्र निवेदन करूंगा कि ऐसी

[श्री दयाल दास कुर्रे]

बात नहो है। ग्राप एक बार ग्राजमाइश कर के देखिये कि हमारे समाज का पैसा देश के हित मे ग्रच्छे काम मे लगेगा ।

इन शब्दों के साथ मैं श्रीमन् से नम्र निवेदन करता हू कि मेरा जो रेजोल्यूशन है उसको ध्यान में रखते हुए इसको सरकार ग्रपनी स्वीकृति देने की कृपा करे ग्रौर यदि इसमे सरकार को समाज का हित सही रूप मे दिखाई देता है तो ग्रवश्य ही इस ग्रपनाये ग्रौर शीघ्र ही केन्द्रीय स्तर पर, प्रान्तीय स्तर पर ग्रौर जिले के स्तर पर एक विधान ला कर के इसको कार्यान्वित करने के लिये सरकार प्रयत्नशील रहे । बस, इतना कह कर मै ग्रपना स्थान लेता हूं ।

*The question was proposed.*

SHRI BIREN ROY (West Bengal): Mr. Chairman, Sir, I heartily commend this Resolution for the acceptance of all sections of this House. It is taken outside in some important quarters as if lotteries would only propagate more of the gambling instinct, but that is not so. Even if it is so, I think that this Resolution permitting National Lotteries will not be worse than what the Government has already accepted in allowing horse-racing to go on unrestricted in India. In various States there was opposition and motions were moved in State Legislatures, but with Government's support those motions were defeated and tactics were adopted by our previous rulers to admit some rich men as Indian stewards and sometimes also as judges in Turf Clubs with the result that gambling on horse-racing which ruins the middle class people in Calcutta, Bombay and in other places is going on much more than it used to be in the British days.

There were restrictions on the number of days of horse-racing in Calcutta; now even on Sundays and holidays—except of course the national holiday on the 15th August—there is horse-racing. Most of the holidays have now been taken up by horse-racing. Previously there were approximately fifty days in a year for racing; now it is more than a hundred days. If you are in Calcutta—I have never been to the races myself, never even in the race-course at all—you will see millions of people there on the race days. Whether Mr. Khrushchev is coming or Mr. Nehru is coming, there is no question of stopping this mad rush to the races; it goes on, and there will be millions of people losing their money—sometimes borrowed not only on official bids but in unofficial gambling dens. The States sometimes raised objections that if they were to stop horse-racing, they would lose the tax. We had proved in the West Bengal Legislative Assembly before that the tax that they would lose. could be realised by other means but that was not accepted.

In this particular case of National Lotteries, even if we make a beginning, we will get a huge sum. In Ireland by conducting the Irish Sweep-stake they have built big hospitals. A small country like Ireland has done that by organising the sweep-stakes and if we do that also in the right manner, it will be useful. I would not mention here about the executive matters or how it should be organised and controlled and so on, but I think the lotteries in India can be the biggest draw in the world. It was once so. The Calcutta Derby was the most popular in the whole world and prizes were given to the extent of nearly 14 to 15 lakhs of rupees in those days before it was closed down.

There is one point in regard to these National Lotteries. If we organise them even in countries outside India, we can attract enormous amount of foreign exchange and give a part of the collections to winners. After all, 15 per cent. only as expenses is allowed in any lottery. If we take away from the collections about 40 per cent as stake money and 15 per cent. as cost, that is 55 per cent. in all, we are having a net earning of 45 per cent.

So if we organise this, there will be available an enormous amount of foreign exchange just as we get from foreign tourists coming to this country, and foreign exchange will flow into this land.

Sir, objection has also been raised in describing the Prize Bonds issued by the Government—which has been copied from Great Britain as an instrument to encourage gambling. But it was argued that this was not gambling and that the buyer of the Prize Bond got back the money paid by him for it in full after a time, i.e. 5 years and that there was no loss to the buyer for it. That is a fallacious argument because a person investing Rs. 100 in a hundred-rupee Prize Bond loses the interest on it for a period of five years since he gets back only Rs. 100, and if on the other hand, he had invested that money in a savings account or had that money put to use in a paying concern he would have earned a return of at least 5 per cent. per annum on it, which in five years would come to Rs. 25. And he loses this return by purchasing these Prize Bonds. From such losses incurred by the people you are paying the prizes. So you cannot just say that if we organised a lottery on the basis of the Resolution under discussion, and a person bought a one-rupee lottery ticket, he stood to lose that money and it would rouse the gambling instinct in him. That is not so because there is the loss to him whether in a lottery or in a Prize Bond scheme; it may be more in one case than in the other. Now let me take the five-rupee Prize Bonds. The poor fellow who buys a five-rupee Prize Bond also loses some money because if he would have invested that money in a savings bank account, or put it to productive purposes in the villages, he could have easily earned one rupee or at least eight annas a year. So in purchasing the five-rupee Prize Bonds also—it is mostly the low-income people who would go in for them—the loss of one rupee or eight annas a year in the shape of a return on the amount invested is there over a period of five years. Since loss is there in either case, it should not be argued that a person buying a one-rupee lottery ticket only stood to lose it. After all nothing is compulsory and a person need not buy it.

Moreover, the State Governments, Sir, have already allowed lotteries to go on in their respective spheres. For instance there is the Red Cross lottery and in West Bengal there are the K. C. Charities lottery, and the Don Bosco lottery in Calcutta for the benefit of the Portuguese boys' school and many others. There are also other lottery tickets coming from outside the country and they are coming from Sikkim and are sold in Kalimpong. As I mentioned before, at one time the biggest lottery in India was the Calcutta Derby. Also there are the mushroom lottery tickets that are not allowed and yet are being sold unauthorisedly. Perhaps only in one case out of a hundred the guilty persons are arrested. On the other hand, if we have National lotteries, and the States are also authorised to have their own lotteries, the unauthorised sale of banned and mushroom lotteries will automatically stop; people will not go in for them when they have these National lotteries. By having them we could pool the funds from all over the place and then utilise the money for implementing National schemes to be decided on from time to time. That is what I think has been envisaged by the Resolution; therein the principle has been proposed. The details can be worked out later. And if national lotteries are organised bearing the seal of the Government of India, we can sell them also in foreign countries and earn foreign exchange. I do not see why the Resolution should not be accepted in principle. They could be properly organised and the lotteries successfully run through the State Authorities; the sale of tickets could be done through the agency of the Local authorities, through the post offices, through the banks and so on. And if the demand for the lottery tickets is so great that these agencies cannot cope with, we can have the automatic machines, just as it is being

[Shri Biren Roy.]

done in foreign countries, in Germany, for example, in both the Germanys, Democratic Germany and the other Germany, the Germany of free enterprise as they call it. In these two Germanys they are running the lotteries by vending tickets through automatics. The automatic machines punch the tickets and the counterparts of the tickets automatically go out in a roll and these go to the place meant for the draw. It does not require much human agency. Money is only collected by men and the ticket counterfoils go for the draw. The lottery there is held every two months. Here we can have it every six months to start with and then make it every three months. Of course there are some lotteries of a gambling type, for example, the Sweep stakes in Ireland and the Rangers in Calcutta and so on, and through such lotteries they still get enormous money. That is pure and simple gambling. First of all the man's ticket must be drawn in the lot and then it is attached practically to the tail of the horse i.e. the name of a Race Horse is drawn with it, and if the horse to which it is attached does not win the money is not fully won. Only a consolation prize comes. Here it is not so. Here there will be only one draw and if a person is lucky enough he will get the full Prize money. Like Prize Bonds, the lotteries can also be divided in groups Statewise or otherwise. Here there do not exist two kinds of things, one gambling and one lot. So it is a very simple thing which we can accept and which, if implemented, will bring in crores of rupees to our Government to promote measures for the welfare of the people, to promote health, to promote education and other social services. Not only that, it will also earn foreign exchange, as mentioned, and that is an important aspect of it. We have banned now-a-days the entry of Irish Sweep Stakes and we have banned also other sweep stakes for which payment in foreign currency has to be made. But yet it is going on and foreign currency is being smuggled out of the country for that purpose and millions of such tickets are sold in India and the results of winning tickets are even announced in the papers. No action is taken. When the Government knows that this illegal thing is going on and is tolerating it, why should not our Government initiate these National Lotteries and collect money for the Plan, I cannot understand. So I think all sections of the House will accept and commend this proposal to Government.

If this is accepted, later on a porper board may be formed and, if necessary, there may be constituted such boards in the various States to run these National Lotteries. To begin with there may be two, and later four in a year. At the same time we may ban this horse-racing business because there the people are simply gambling and are losing heavily and since there is an outlet for those gamblers in these National Lotteries they will perhaps invest more also in these

**श्री नवाबसिंह चौहान** (उत्तर प्रदेश) : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी मेरी तरफ जरा बड़ी प्रेम भरी निगाह से देख रहे हैं। शायद वह यह आशा रखते हों कि मैं इस प्रस्ताव का विरोध करूं।

**डा० राज बहादुर गौड़** (आन्ध्र प्रदेश) : वह तो कभी आशा हो ही नहीं सकती।

**श्री नवाबसिंह चौहान** : मंत्री जी की आंखें भी शायद लाटरी का खेल देख रही हैं। लाटरी में भी एक आशा हुआ करती है और आशा ही के सहारे आदमी चलता है, अपना पैसा लगाता है, और आशा ही एक ऐसी चीज है कि जिसके सहारे, चाहे कोई गरीब हो चाहे अमीर हो, इंसान का जीवन चलता है। अगर आशा इंसान के अन्दर से निकल जाये तो उसका जीवन ही निरर्थक हो जाये। इसलिये हमारे मित्र कुरें साह बनें जो यह प्रस्ताव रखा है—जिसका एक माननीय

मित्र ने अभी समर्थन किया है---उसका हृदय से स्वागत करता हूं और इसकी आवश्यकता समझता हूं कि केन्द्रीय सरकार की तरफ से एक लाटरी चलाई जाये और उसका नेशनल लाटरी नाम रख लीजिये या और कुछ रख लीजियेगा । लाटरियां चलाने की बात आप ही नही करते है बल्कि, जैसा एक मित्र ने बतलाया, ये लाटरियां तो हर एक गली, हर एक कोने, हर एक पग पर चल रही हैं । सरकारी कामो में, गैरसरकारी कामों में लाटरियों के बगैर काम नही चल सकता है और हम राज्य सभा के सदस्य तो बहुत निर्भर रहते हैं लाटरी के ऊपर । जब पहली दफा हम चुन कर आए तो हमारी लाटरी ड्रा की गई ।

SHRI M. D. TUMPALLIWAR (Bombay): Only once it must be done by lots.

**श्री नवाबसिंह चौहान** : वन्स ही हम चाहते हैं, जरा वन्स कर दीजियेगा फिर उसका सिलसिला चालू हो जाता है, फिर वन्स ही नही हर बार करना पड़ता है । कोई दो साल में आया, कोई चार साल में आया, कोई छ: साल में आया । यही नहीं, बहुत से ऐसे कानून बने हैं चाहे वे चुनाव सम्बन्धी हों, चाहे और चीजों के हों कि जब बराबर वोट आयेंगे तो लाट ड्रा कर लीजियेगा । इसके मानी क्या हैं ? हमने इलेक्शन लड़ा, खर्च किया, सब कुछ किया और जब बराबर वोट आ गये तो आपने लाटरी क्यों निकाल ली । उसके लिये और कोई चीज सोचते और चलाते । अगर आप भाग्य के ऊपर, चांस के ऊपर निर्भर नही करते है, स्किल के ऊपर निर्भर रहते है तो ठीक है स्किल का काम निकालिये, भाग्य का सहारा कैसे ले लिया ? तो इसलिये आप किसी नैतिक आधार के ऊपर इसका विरोध नही कर सकते हैं । अगर सरकार विरोध करती है तो मुझे एक बड़ा ताज्जुब होगा । गांव की मसल है : गुड़ खायें और गुलगुले से परहेज । गुड़ तो हम खाते है लेकिन गुड से जो गुल-गुला तैयार होता है उसको कहते है कि बुरी चीज है । ये लाटरी बॉड्स जो आपने चलाये है जिनको आपने प्राइज बांड्स के नाम का सुन्दर जामा पहना दिया है यह वही चीज है जिसको विदेशों में लाटरी ड्राअल्स लोन्स कहते है । दोनों में कोई फर्क नही है । इसलिये नैतिक आधार तो आपका कुछ रहा नही । हा, आप यह कह सकते हैं कि आर्थिक आधार पर यह खराब है । आप यह कह सकते है कि हम सूद के ऊपर लाटरी लेते है । आपकी मूल पूंजी ज्यों की त्यों रहती है । यह भी आपका आर्ग्युमेंट फैलेशस है, इसमे हेत्वाभास है, क्योंकि जो दस रुपये का कैपिटल दे कर बांड खरीदता है वह क्या है । वह भी तो सूद है जो उसके मेहनत की उसकी नौकरी की, उसके पसीने की कमाई है । उसको अपनी मेहनत करने का सूद मिला । इसलिये आपका यह कहना कि वह कैपिटल सूद नही है, गलत है । मान लीजिये आपकी लाटरी में वह अपना रुपया नही लगाता और दस रुपया जमा कर देता है, या किसी को किश्त में उठा देता है और दस रुपये का एक साल में बारह रुपये हो जाता है तो दो रुपया जो सूद हुआ--इंटरेस्ट हुआ--वह कैपिटल में जुड गया और कैपिटल बन गया । तो इसलिये सूद और कैपिटल---दोनों मे फर्क करना और कहना कि हम कैपिटल पर तो लाटरी नहीं करेंगे, सूद पर करेंगे --यह बात कुछ समझ में नही आती, कुछ तर्कसंगत भी नही मालूम पड़ती । साथ ही साथ यह कहना कि भाई इससे गरीबों को नुकसान होगा तो यदि गरीब की मुरव्वत का खयाल है तो फिर बांड ही क्यो बेच रहे है ; वह रुपया उन्ही पर रहने दीजियेगा । आप कह सकते है कि यह रुपया जो आता है सरकार के कोष में आता है, इससे अच्छे अच्छे काम चलते हैं तो ठीक है उस रुपये की लाटरी खरीद कर जो रुपया आ जायेगा उससे भी अच्छे काम चलाये जायें । यह रिजोल्यूशन यह कहता है कि किसी प्राइवेट फायदे के लिये, निर्जी स्वार्थ

[श्री नवाबसिंह चौहान]
के लिये यह लाटरी नहीं चलाई जानी चाहिये। यह अस्पताल के लिये, किसी स्कूल के लिये और अच्छे काम के लिये उपयोग में लाया जाये।

इस तरह से एक एक रुपये की छोटी छोटी रकम इकट्ठी होकर आ जायेगी, तो इससे फायदा ही होगा। इस चीज़ के पीछे एक परमार्थ का आधार है और अगर कोई आदमी या माननीय मंत्री जी इसका विरोध करते हैं तो मैं समझता हूं कि उनके लिये इस तरह की बात कहनी ठीक नहीं होगी। इसके साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अगर राष्ट्र की ओर से इस तरह की लाटरियां चला दी जायेंगी तो इस समय देश के अन्दर जो बहुत सी गलत कार्यवाहियां इस सम्बन्ध में हो रही हैं वे सब बंद हो जायेंगी। बहुत से लोग इसे जुआ कह सकते हैं लेकिन जो मैंने आपके सामने मिसाल दी वह भी जुआ में शामिल हो सकती है। इसमें और उसमें कोई फर्क नहीं है। पिछली मर्तबा हमारे माननीय सदस्य श्री पणिक्कर ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर सदन में प्राइज़ बांड्स का समर्थन किया था और एक ऐतिहासिक मिसाल महाभारत की युधिष्ठिर के बारे में दी थी। उस वक्त हमारे माननीय मंत्री जी ने उसका विरोध नहीं किया था और न किसी प्रकार की असहमति प्रकट की थी। उसी तरह से आज यह प्रस्ताव सदन मे लाया गया है और मैं समझता हूं कि इसका भी उसी तरह से माननीय मंत्री जी समर्थन करेंगे।

एक **माननीय सदस्य** : उस जुए से तो महाभारत की लड़ाई हुई थी।

श्री **नवाब सिंह चौहान** : उस समय जो महाभारत हुआ था उसमें दुष्टों का नाश हुआ था। जुए के अंत होने का परिणाम दुष्टों का नाश होना है। इसी तरह से अगर हमारे देश मे लाटरिया चलाई जायेंगी तो उसका परिणाम यह होगा कि जो दुष्ट आदमी अपने फायदे की दृष्टि से इस तरह की कार्यवाही करते हैं वे सब नष्ट हो जायेंगे। आज हम देखते हैं कि देश में हर कस्बे में इस तरह का सट्टा चलता है जिसमे लाखों गरीब लोग तबाह हो रहे हैं। जो दुष्ट आदमी इस तरह की कार्यवाही करते हैं वे गरीब आदमियों से पैसा प्राप्त करके फ़ायदा उठाते हैं। आज गरीब आदमियों को एक रुपया, आठ आने की सट्टे की टिकटें बेच कर ये दुष्ट आदमी काफी रुपया प्राप्त कर रहे हैं। इन्होंने देश के हर कस्बे में एक तरह का रोजगार चालू कर रखा है और लाखो रुपये इस तरह से एक कस्बे से गरीब आदमियों का चला जाता है। इसी तरह से विदेशों से भी कई तरह की लाटरियां चलाई जा रही हैं और यहां के लोगों का लाखों रुपया उन लोगों के पास जा रहा है। अगर सरकार की तरफ से एक रुपया या आठ आने की लाटरी निकाली जाये तो गरीब आदमियों का भी फायदा हो सकता है और वे लोग अपने भाग्य का खेल भी खेल सकते हैं। अगर सरकार ने यह कार्य किया तो लोग अपना शौक पूरा कर सकेंगे और जो बुराई इस चीज़ से हमारे देश में फैली हुई है वह भी दूर हो जायेगी। मुझे मालूम नहीं कि माननीय मंत्री जी ने इस चीज़ के आंकड़े इकट्ठे किये हैं या नहीं कि इस तरह से कितना रुपया हमारा बाहर चला जा रहा है।

आज हम देखते है कि विदेशों में कई तरह की लाटरिया चली हैं और यहां के लोग उनको खरीदते हैं जिसका नतीजा यह हो रहा है कि हमारे देश का काफी रुपया विदेशों को चला जा रहा है। डर्बी की लाटरी के टिकट आज १६ या १७ रुपये में बिक रहे हैं इसके साथ ही साथ यह भी देखने मे आया है कि हमारे देश के बहुत से लोग विदेशों में

इस तरह की लाटरियां चला रहे है। यहां के बहुत से लोग साउथ ईस्ट एशिया, जावा और अफ्रीका मे, जहां कि लोग अंग्रेजी का ज्ञान रखते है, इस तरह की लाटरियां चलाते हैं। इस तरह का रोजगार दिल्ली और अलीगढ़ इत्यादि जिलों से हो रहा है। इन देशों मे बड़े बड़े पोस्टर अखबारों में छपवाये जाते है। हमारे माननीय मंत्री जी कहते है कि हम एक्सेचेंज नहीं देंगे, वे किस तरह से वहां पर एडवर्टाइजमेंट करायेंगे। लेकिन मेरा कहना यह है कि जो लोग इस तरह का कार्य करते है वे सब तरह की तरकीबें जानते हैं। वे लोग एक तरह का अंकों का खेल खेलते हैं और इस तरह से लाटरी चलाते हैं। यह लोग वहां से ब्लैंक ब्रिटिश पोस्टल आर्डर भेजने के लिये कहते हैं। जब इस तरह की लाटरियों का विज्ञापन अखबारों में निकलता है तो यह लिखा रहता है कि फीस में ब्लैंक ब्रिटिश पोस्टल आर्डर आने चाहियें, नाम से नही आने चाहिये। ब्रिटिश पोस्टल आर्डर दुनिया भर में एन-कैशबिल होते है। इस तरह से हजारों की तादाद में वहां से ब्लैंक ब्रिटिश पोस्टल आर्डर चले जाते हैं। जो अखबार इन लाटरियों को छापते हैं उन्हें एडवर्टाइजमेंट छापने के लिये ब्रिटिश पोस्टल आर्डर भेज दिये जाते है। इस तरह से ये लोग एक्सचेंज के झगड़े से भी बच जाते हैं। आज हमारे देश में जो घड़ियां इत्यादि चीजें स्मगल हो कर आ रही हैं वे भी इन ब्रिटिश पोस्टल आर्डरों की वजह मे ही आ रही है। इन ब्रिटिश पोस्टल आर्डरों को घड़ी खरीदने के काम में लाया जा रहा है और डाक के जरिये ये पोस्टल आर्डर हमारे देश के बाहर भेजे जा रहे है। यही नही हमारे डाकखानों मे हजारो रुपये के ब्रिटिश पोस्टल आर्डर इस सम्बन्ध में आते रहे है। एक एक दिन में सात सात और आठ आठ हजार के ब्रिटिश पोस्टल आर्डर आते हैं। हमारे सी० आई० डी० विभाग ने इस तरह की चीज को पकड़ा है। इस तरह से लाखों रुपया हमारे देश से बाहर जा रहा है। अगर सरकार की ओर से कोई कानूनी चीज हो जायेगी तो इस समय जो गैरकानूनी चीज हो रही है वह सब बन्द हो जायेगी।

मै तो यह समझता हूं कि नैतिक और आर्थिक आधार के अलावा इस समय देश की जो स्थिति है उसको देखते हुये यह जरूरी है कि सरकार को इस तरह का कोई कानून बनाना चाहिये जिससे हमारे देश का रुपया बाहर भी न जाये और लोगों को भी लाभ हो। इंडियन पीनल कोड में इस चीज को रोकने के लिये जो धारा है वह भी अच्छी तरह से इस चीज को नहीं रोक सकती है। जब तक वास्तविकताओं के आधार पर स्थिति को नहीं सुधारा जाता तब तक इसको नहीं रोका जा सकता है।

मेरा आप से यह कहना है कि आप इस सम्बन्ध में एक कानून बनायें और देखें कि यह चीज सफल होती है या नहीं। इसके साथ ही साथ सरकार को यह भी देखना चाहिये कि विदेशों में यह सिस्टम किस रूप में कायम है। यू० के० में तो लाटरी कानून द्वारा बंद कर दी गई है लेकिन इस समय भी वहां पर दो तीन किस्म की लाटरियां कानून के अनुसार चल रही हैं। इसके अलावा अमेरिका इत्यादि देशों में भी यह चीज किसी न किसी रूप में जारी है। आयरलैंड में भी लाटरी का चलन जारी है। यू० एस० एस० आर० में भी पिछली दो लड़ाइयों के बाद वार बौड्स के रूप में लाटरी सिस्टम चलाया गया है। वहां पर फ्री लाटरी टिकट दे दिये जाते थे और जब लाटरी ड्रा होती थी तो एक लाख रूबल तक का इनाम दिया जाता था। इस तरह मे लड़ाई मे जो खर्चा हुआ उसको वहां की सरकार ने वार बौड्स के रूप में धन एकत्रित करके पूरा किया। इसी तरह से लुसियाना, अमेरिका मे सब से बड़ी लाटरी का चलन है। वहां पर १८६८ से लाटरी

[श्री नवाबसिंह चौहान]

के चलन के लिये लायसेंस दिया गया। उन्हें उम्मीद थी कि इस तरह से करीब ४० हजार डालर प्राप्त हो जायेगा, मगर लोगों में इतना जोश था कि इस लाटरी के द्वारा २० लाख डालर प्राप्त हो गया।

इसी तरह से आयरलैंड में भी १९५४ में आयरिश हॉस्पिटल ट्रस्ट की तरफ से लाटरी का इंतजाम किया गया और उससे ९० लाख की आमदनी हुई। मैंने यह फिगर्स इसलिये दिये हैं कि हमारे माननीय मंत्री जी फिगर्स पर ज्यादा ध्यान देते हैं। आस्ट्रेलिया में भी सिवाय साउथ आस्ट्रेलिया के बाकी पांचों स्टेट्स में गवर्नमेंट कंट्रोल्ड लाटरिया चलाई जाती है। इस तरह से वहां पर लाटरी के टिकट बेचे जाते हैं और एक साल में करीब दो करोड़ पौंड की आमदनी होती है। जब एक छोटे से मुल्क में जहां की आबादी बहुत कम है इतनी आमदनी हो जाती है तो हमारे देश की तो आबादी बहुत ज्यादा है और वहां से ज्यादा आमदनी हो सकती है। इसी तरह से न्यूजीलैंड में भी लाटरी के टिकट बेचे जाते हैं, जो आस्ट्रेलिया से आते हैं। आस्ट्रेलियन सरकार न्यूज़ीलैंड सरकार को ६ पैसे प्रति टिकट कर देती है। साथ ही साथ यह है कि जिन जगहों पर मैं गया वहां मैंने इस चीज़ को देखा। बर्मा में मैंने देखा कि पगोडाज़ के अन्दर राज्य की तरफ से खुले तरीके पर लाटरियां बिकती है। यूरोप के देशों में जो लोग गये है उन्होंने वहां देखा होगा कि हर जगह इस तरह का इंतज़ाम है। बहुत सी जगह सरकार की तरफ से यह व्यवस्था है कि इस तरह की लाटरियां बेची जाये ताकि कुछ आमदनी हो और देश में जो अच्छे अच्छे काम करने हों उनको किया जाये। मुझे आशा है कि माननीय मंत्री जी निःसंकोच हो कर इस प्रस्ताव को स्वीकार करेंगे। उससे कोई नुकसान नहीं होगा। अगर वे इसमें कुछ फायदा नही समझते है तो इसमें कुछ नुकसान तो हो ही नहीं सकता है, बल्कि यह उसी पालिसी के मुताबिक है जिसका श्री गणेश उन्होंने प्राइज़ बॉन्ड्स निकाल करके किया है और यह ज़रा उससे कुछ और आगे बढ गया है। इसको जुआ समझना एक ग़लत चीज़ है। यह जुआ नहीं है। जैसा कि भाई कुरें जी ने बताया, भाग्य की आज़माइश सभी करते है। पढ़ने वाले लड़के जब इम्तिहान के लिये जाते हैं तो वे इस तरीके से किताब को निकाल करके देखते हैं। इस लिये मुझे आशा है कि निःसंकोच इस रेजोल्यूशन को पास किया जायेगा और मैं इसका हृदय से समर्थन करता हूं।

**श्री बी० एन० भार्गव** (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, आज जब मैंने अजेंडा देखा और यह देखा कि इस प्रस्ताव का नोटिस अनेक माननीय सदस्यों ने दिया है तो मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ। मैंने सोचा कि देश में नदियों की बाढ से तो लोग पीडित होते ही है, क्यों आगे जा करके लाटरियों की बाढ़ मे देश बहने वाला है ?

यह मै मानता हूं कि हमारे देश को इस समय धन की बहुत आवश्यकता है। मैं मानता हूं कि हमारी गवर्नमेंट को अनेकों योजनायें चलाने के लिये बहुत धन की आवश्यकता है, परन्तु हमको सोचना यह है कि हम देश के हित की दृष्टि से जिस काम को करना चाहते है, उससे देश का हित होगा या अहित होगा। यह हमको बहुत गम्भीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। अगर यह प्रस्ताव स्वीकृत होता है तो सोचना यह है कि इससे देश में किस प्रकार का वातावरण फैलेगा। वह वातावरण अच्छा होगा या दूषित होगा। हमारी जनता इस प्रस्ताव को किस दृष्टि से देखेगी और इससे हमारी गवर्नमेंट के प्रति जनता की क्या भावना होगी ?

यह मैं मानता हूं कि अनेकों प्रकार के ऐसे काम होते हैं जिनमें रुपया अधिक खर्च न करके, अधिक परिश्रम न करके, रुपया

कमाया जाता है। परन्तु प्रश्न तो यह है कि जो सिद्धांत हमारे भारतवर्ष को ४० वर्षों से सिखाया गया—विशेषकर महात्मा गांधी के द्वारा—कि हमारे साधन और साध्य दोनों पवित्र होने चाहियें, उसको क्या अब भुला दिया जाये ? अगर हमारा यह साध्य है कि हम देश की उन्नति करें तो हमारे साधन भी अच्छे ही होने चाहियें। हमने अपने देश में सत्याग्रह किया, असहयोग किया, परन्तु हम पतन की ओर कभी नहीं गये। सदा हमारा मस्तक ऊंचा रहा। कभी हमने कोई बात छिप करके नहीं की। हमको देखना यह है कि आज जो भ्रष्टाचार देश में फैल रहा है उसका मूल कारण क्या है। उसका मूल कारण है केवल रुपये का मोह। अगर देश में रिश्वतें चलती हैं, अगर देश में चोरी डकैतियां होती हैं, तो यह केवल रुपये का मोह है। अगर हम अपनी सरकार से यह कहना चाहते हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर वह लाटरी को चलावे, तो दूसरी ओर से क्या हम सरकार से यह नही कह सकते हैं कि रिश्वत के सम्बन्ध में एक योजना बनाई जाये। कानून के द्वारा रिश्वत लेना लिगेलाइज किया जाये और उसमें यह शर्त लगा दी जाये कि जो भी रिश्वत ली जायेगी उसमें से ५० या ७५ प्रतिशत देश के लिये देना होगा। इससे भी बहुत सा रुपया आसानी से मिल जायेगा। मुझे इस समय एक . . .

**श्री किशोरी राम** : एक चीज मै जानना चहाता हूं। देश में शराब का ठेका गवर्नमेंट देती है, उससे क्या देश का हित होता है ? उससे क्या देश का कल्याण होता है ? क्या उसको जुआ नही कहा जा सकता है ?

**श्री बी० एन० भार्गव** : कहने को तो हमारा जीवन ही जुआ है। कौन जानता है कि जो इस समय भाषण दे रहे हैं या जो प्रस्ताव पेश कर रहे हैं, वे कितने क्षण जीवित रहेंगे। जुआ तो जीवन भी है। परन्तु हम आज तक जिस आधार पर चले हैं, जिस आधार पर हमने स्वतंत्रता प्राप्त की है, उसको हमें भूल नहीं जाना चाहिये। यह उचित नहीं है कि जिन महात्मा गांधी की हम रोज दुहाई देते हैं। जिनके नाम का हमारे नेता रोज अपने भाषणों में स्मरण करते हैं, उनके सिद्धांत को हम इतनी आसानी से भूल जायें। यदि हमारा साध्य पवित्र है तो हमारे साधन भी पवित्र होने चाहियें।

मैं यह बतला रहा था कि मुझे इस समय एक दोस्त की याद आ रही है। हमारे जिले में एक पेशकार थे। वे साधु संतों की बड़ी सेवा करते थे, खूब ब्राह्मण भोज करवाते थे, परन्तु रिश्वत भी खूब लेते थे। एक बार एक बाबा स्वामी रामदास, जो दक्षिण की ओर रहते थे, झांसी आये। पेशकार साहब उनके विशेष भक्त थे। मैंने उनके सम्मुख कहा कि यह कहते हैं कि मै रिश्वत केवल इसलिये लेता हूं कि उससे मैं साधु संतों को खिला सकूं और मैं रिश्वत का एक पैसा भी अपने खर्च में नही लाता। इस पर वे स्वामी जी बहुत बिगड़े और कहने लगे कि तुम घोर पाप करते हो; दुगुना पाप करते हो। एक तो रिश्वत लेना ही पाप है और दूसरे उस रुपये को अच्छे काम में लगाना और भी बड़ा पाप है। इसी प्रकार मैं जानता हूं कि बहुत से डाकू लोग देवी जी के बड़े भक्त होते हैं। जब डाका डाल कर वे आते हैं तो ब्राह्मण डाका भोज करते हैं, प्रसाद बांटते हैं, देवी की प्रार्थना करते हैं कि हमको आगे भी ऐसा ही लाभ हो। यह उदाहरण मैं इसलिये नही दे रहा हूं कि मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रस्ताव की भावना या मनोवृत्ति बुरी है। मैं यह कहता हूं कि हम जो भी काम अपने हाथ में लें उसके सम्बन्ध में आगे दृष्टि रख करके देखें कि उसका प्रभाव क्या होगा। जब से पिछली लड़ाई खत्म हुई है तब से देश का वातावरण विशेष कर के रुपये के लिये हो गया है। लोग प्राफिटियरिंग करके या अन्य बुरे उपायों द्वारा रुपया कमाने का प्रयत्न करते रहते हैं। ऐसे लोग समय समय पर अनेक संस्थाओं को दान भी देते हैं, पुण्य भी करते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि उन्होंने जो साधन

[श्री बी० एन० भार्गव]

अपनाया है वह पवित्र है, क्योंकि उनका जो साध्य मंदिर और धर्मशाला बनवाने का है वह अच्छा है। हमको गांधी जी ने यही समझाया था कि हमारा साधन, हमारा मार्ग भी पवित्र हो और ऐसा न हो कि उद्देश्य की प्राप्ति के लिये हम किसी भी मार्ग पर चले जायें। यह बिलकुल हमारे सिद्धान्त, हमारी संस्कृति और हमारे धर्म के विरुद्ध होगा।

प्रस्तावक महोदय ने उदाहरण दिया कि यह वैसा ही है जैसा कि लड़कों को इनाम मिलता है या विकास खंड के ग्राम सेवकों को इनाम दिया जाता है। इसमें और इस प्रकार की लाटरी के सिद्धान्तों में आकाश पाताल का अन्तर है। एक लड़का परिश्रम करता है, अव्वल नम्बर लाता है, तब उसको इनाम मिलता है, वज़ीफा मिलता है। इसी तरह जब एक पुलिस वाला अपनी जान खतरे में डाल करके किसी की जान बचाता है या कोई नदी में बहा जा रहा हो, उसको बचाता है, तब उसको इनाम मिलता है। तो ऐसे इनाम देने के पीछे जो मनोवृत्ति है और लाटरी के पीछे जो मनोवृत्ति है, वे दोनों एक दूसरे के बिल्कुल विरुद्ध हैं।

ऐसी दशा में हमको इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि जब हम समाज सुधार करने जा रहे हैं, तो हमारे उपाय भी धर्ममय हों, पवित्र हों। परिश्रम करके हमको रुपया इकट्ठा करना चाहिये, बजाय इसके कि हम सरकार से यह कहें कि वह लाटरी की कोई योजना बनाये। हम इस बात पर क्यों न ज़ोर दें कि हमारे देश में जो धनी मानी लोग हैं उनकी मनोवृत्ति को बदलने के लिये एक योजना बनाई जाये जिससे वह लोग स्वत: और स्वतंत्रतापूर्वक हमारी योजनाओं के लिये रुपया दे। इस प्रकार हमको ऐसा वातावरण उत्पन्न करने की आवश्यकता नहीं होगी कि हम लाटरी के साधन की शरण लें।

12 NOON

SHRI MOHANLAL SAKSENA (Nominated): Mr. Chairman, I have listened to the speeches delivered in support of the Resolution and I am sorry I cannot see my way to support it for several reasons. First of all, it is not in keeping with our policy and professions. Secondly, it cannot have and should not have any place in a State which stands for planned economy and thirdly it is not in consonance with the object of socialism which we have placed before ourselves. I know that arguments have been advanced in favour of the Resolution because of the Prize Bonds recently introduced by the Government. I will have to say a few words about them, but before I deal with the Prize Bonds themselves, I would like to point out the harm that is likely to be caused to the people at large by the introduction of the system of National Lotteries. It has been said that nobody will suffer any harm if a man spends a rupee today and again a rupee tomorrow in buying lottery tickets because by doing it he does not lose anything as he spends the money that he has saved or whatever little he has got hoping that in the long run he might win a fortune. I think this itself causes a great deal of harm to the man himself. We have been told that man is the maker of his own fortune. Even those people who believe in the theory or *karma* know that they have got to work hard. We may leave the results in the hands of God but we have got to work and we have to strive hard. This system of National Lotteries will spread not only in the district towns but to every tehsil and every village. This is already going on and, therefore, we have to find some way—a legalised way—for canalising these activities. I think the greatest harm that the system will be doing is to create a feeling amongst the people that they should not depend upon themselves for changing their fortunes. The previous speaker mentioned the fact that Gandhiji used

to tell us that we have to attach special importance to the means, that it is the means that have to be taken care of and that the ends will be taken care of automatically. That is why he said that he would not have *swaraj* at the cost of truth and non-violence. I might refer to an incident in 1940 when negotiations were going on between Gandhiji and the then Viceroy, Lord Linlithgow. Agreement had practically been arrived at and Congressmen were advised to join the national Government that was to be formed. At the last moment, Gandhiji felt that the Viceroy was under the impression that the Congressmen would actively support Government's war effort. His colleagues told him, "You have not given any assurance to that effect. So, why bother about it?" But he said, "No. The Viceroy is under that impression," and so before he left Delhi, he informed the Viceroy that if the Congressmen joined the Government, they would not give active support to the Government's war effort. The result was that the negotiations fell through. This was against the advice of his colleagues who had said that he was not bound to tell him but he did not listen. There are men who would say that if he had not done that, perhaps the country would have saved a lot of travail and suffering but we know that if he had accepted that view, the country might have been in a worse position and he would not have had the feeling of having achieved the goal by our own efforts, but would have felt that somebody had given something by way of gift. So I feel that this would create a feeling in the minds of the people that instead of self-reliance which we want everybody to practise, instead of mutual co-operation and mutual help to propagate which we want to start co-operative societies, we shall switch their minds in a totally different direction. Secondly, as has been pointed out, in recent years there has been a great fall in our morals, especially because of the get-rich-quick mentality. Many of our present ills may be ascribed to that and once we introduce this system, I think we will be adding fresh incentive to that spirit. Instead of working for themselves, instead of devising ways and means to establish themselves, they will be thinking and depending on their luck, that is, they will be thinking that they will get a lottery prize sooner or later after which they will make a start in life. In a socialist State we do not envisage rich and poor persons. If a person gets Rs. 25000 by means of a lottery then he becomes a rich man in a village. This will create a new class of people—those who win and those who do not win. I think this is objectionable. There are two objections to these Prize Bonds. First of all, the prize money should not be given in cash. Secondly, I would not like these Prize Bonds to be bearer Bonds.

